# छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर

अपेक्स बैंक (Apex Bank)

मुख्यालय "सहकार भवन", प्लॉट नं.–74, सेक्टर–24, अटल नगर, नवा रायपुर(छ.ग.) 492002

Website : www.cgapexbank.com Email : cg.apexbank.ho@gmail.com

छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्र. 4175 दिनांक 14/11/2024

**छ.ग.राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) में सीधी भर्ती के 09 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा में पात्र शेष अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन की सूचना तथा दिनांक 25.10.2024 को दस्तावेज सत्यापन में अनुपस्थित अभ्यर्थियों के संबंध में विस्तृत सूचना।**

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर द्वारा दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञप्ति क्रमांक छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्रमांक 1971 दिनांक 22.08.2024 एवं विज्ञप्ति क्रमांक छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्रमांक 3820 दिनांक 21.10.2024 तथा सहकारिता विभाग /बैंक की वेबसाइट में प्रकाशित विस्तृत सूचना क्रमांक छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्रमांक 1971'अ' दिनांक 22.08.2024 एवं सूचना क्रमांक छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्रमांक 3390 दिनांक 16.10.2024 तथा सूचना क्रमांक छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्रमांक 3819 दिनांक 21.10.2024 के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक में **कनिष्ठ प्रबंधक–(2), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (ट्रेजरी विशेषज्ञ/मुख्य लेखापाल), उप प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक** के सीधी भर्ती के कुल 09 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा दिनांक 29.10.2023 में व्यापम द्वारा जारी परीक्षा परिणाम दिनांक 04.12.2023 में पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची से 18 अभ्यर्थियों को दिनांक 30.09.2024 तथा शेष 20 अभ्यर्थियों को दिनांक 25.10.2024 को दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित किया गया साथ ही दिनांक 30.09.2024 को दस्तावेज सत्यापन में अनुपस्थित समस्त अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए उन्हें दिनांक 25.10.2024 को दस्तावेज सत्यापन में आमंत्रित किया गया ।

**वर्तमान में साक्षात्कार हेतु 06 पदों के विरूद्ध केवल 14 पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध हैं। लिखित परीक्षा की मेरिट सूची से 01 पद के लिए अधिकतम 03 उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाना है। अतः उक्त पदों पर व्यापम द्वारा आयोजित संयुक्त भर्ती परीक्षा में पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची से 15 अन्य अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। साथ ही दिनांक 25.10.2024 को दस्तावेज सत्यापन में अनुपस्थित समस्त अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए उन्हें दस्तावेजों के सत्यापन हेतु निम्नानुसार आमंत्रित किया जाता है:–**

| क्र. | लिखित परीक्षा में पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची क्रमांक | दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 39 से 53 | 25.11.2024 | प्रातः 11:30 बजे से | **छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मुख्यालय, सहकार भवन, प्लॉट नं.–74, सेक्टर–24, नवा रायपुर** |
| 2. | 19,20,21,23,24,26,27,28,30,31, 33,37 एवं 38 (दिनांक 25.10.2024 को दस्तावेज सत्यापन में अनुपस्थित अभ्यर्थी) | | | |

उपरोक्त समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे दस्तावेजों के सत्यापन हेतु उपरोक्त उल्लेखित तिथि एवं स्थान पर निर्धारित समय से आधा घण्टा पूर्व उपस्थित होवें। उक्त दस्तावेजों के सत्यापन की सूचना, अभ्यर्थियों को उनके द्वारा आवेदन फार्म में दर्ज किये गये पते पर रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित की जायेगी। जिन अभ्यर्थियों को डाक द्वारा सूचना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है वे उपरोक्त तालिका अनुसार दस्तावेजों के परीक्षण हेतु आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें। यदि दस्तावेजों के परीक्षण हेतु उपरोक्त उल्लेखित तिथि पर अभ्यर्थी उपस्थित नहीं होते हैं तो उन्हें चयन हेतु अपात्र माना जायेगा।

**दस्तावेज सत्यापन के पश्चात् अभ्यर्थियों से प्राप्त समस्त दावा–आपत्ति के निराकरण उपरांत अंतिम रूप से पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन बैंक की वेबसाइट में किया जाकर साक्षात्कार हेतु निर्धारित संख्या में पात्र अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जायेगा, जिसकी सूचना पृथक् से जारी की जायेगी।**

प्रबंध संचालक

# दस्तावेजों के सत्यापन हेतु निर्देश

**कनिष्ठ प्रबंधक– (2), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (ट्रेजरी विशेषज्ञ / मुख्य लेखापाल), उप प्रबंधक** एवं **सहायक प्रबंधक** के पद पर सीधी भर्ती हेतु अभ्यर्थियों की अर्हता की जांच हेतु आयु सीमा, शैक्षणिक अर्हता एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच एवं सत्यापन किया जाएगा।

उपरोक्त पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक अर्हता, आयु सीमा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच एवं सत्यापन हेतु निम्नानुसार दस्तावेजों की मूलप्रति तथा अभ्यर्थियों द्वारा स्वयं के द्वारा सत्यापित छायाप्रति (02 प्रति) मान्य होगी :–

(1.) बैंक द्वारा प्रेषित सूचना पत्र ।

(2.) ऑन लाईन आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्र की मुद्रित प्रति ।

(3.) जन्मतिथि के प्रमाण हेतु दस्तावेज जैसेः– जन्म प्रमाण पत्र, हाई स्कूल (10+2) प्रमाण पत्र जिससे जन्म तिथि प्रमाणित होती हो ।

(4.) आधार कार्ड एवं निवास के पते के सत्यापन के संबंध में प्रमाण–पत्र।

(5.) नवीनतम रंगीन 04 फोटोग्राफ, पहचान पत्र सहित ।

(6.) बोर्ड / विश्वविद्यालय द्वारा जारी शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र / अंकसूची की मूल प्रति।

(7.) आयु में छूट संबंधी छत्तीसगढ़ का मूल निवासी प्रमाण पत्र ।

(8.) अन्य विशेष वर्गों के लिए अधिकतम आयु सीमा में छूट संबंधी प्रमाण पत्र।

(9.) उम्मीदवार यदि किसी शासकीय / अर्द्धशासकीय सेवा / निगम / मण्डल / सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक / स्वशासी संस्था में कार्यरत है तो नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र ।

(10.) अन्य ऐसे प्रमाण पत्र / दस्तावेज जिन्हें सत्यापन में प्रस्तुत किया जा सकता हो ।

दस्तावेजों के सत्यापन में अभ्यर्थियों के अलावा अन्य व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। मोबाइल, लैपटॉप एवं अन्य गैजेट्स रखने की अनुमति नहीं होगी। विस्तृत विज्ञापन में वर्णित पदवार शैक्षणिक अर्हताएं एवं अन्य शर्तें पूरी नहीं करने की स्थिति पर अभ्यर्थी को चयन हेतु अयोग्य माना जावेगा, तद्नुसार चयन हेतु पात्र नहीं होंगे।

––00––

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्या. रायपुर
अपेक्स बैंक